14 मेरिट में आने वाली छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत





12 मतदान के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान




## खबर संक्षेप

### दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 11 को

**सिरसा।** जिला न्यायालय परिसर में 11 मई को दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

### हेरोइन सहित युवक किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस ने भट्टूकलां में एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना भट्टूकलां पुलिस की टीम एसआई जागर सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान भट्टू मण्डी में फतेहाबाद रोड पर जा रही थी। जैसे ही टीम पंजाबी ढाबा के पास पहुंची तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजू निवासी भट्टू मण्डी बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसेक पास से 2 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### हुडा सैक्टर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शहर के हुडा सैक्टर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में योग नगर फतेहाबाद निवासी सुरज ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से हुडा सैक्टर में गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को सरकारी अस्पताल के सामने बने पार्क के बाहर खड़ा किया और पार्क में चला गया।

### रमेश खटक ने किया नामांकन दाखिल

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के सिरसा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी रमेश खटक ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। रमेश खटक का नामांकन दाखिल करवाने के लिए जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### अशोक तंवर आज दाखिल करेंगे नामांकन

**सिरसा।** सिरसा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर 4 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। तंवर का नामांकन दाखिल करवाने सीएम नायब सैनी भी आएंगे। नेहरु पार्क में सुबह 9 बजे विशाल नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सिरसा संसदीय क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर लोगों को संबोधित करेंगे। जनसभा के उपरांत एक भव्य रोड शो निकाला जाएगा।

## वकीलों के बढ़ते रोष को देखते हुए एसडीएम टोहाना बार एसो. के कार्यालय पहुंचे

# एसडीएम के वकील से दुर्व्यवहार मामले में अधिवक्ताओं ने रखा कामकाज ठप्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/टोहाना/रतिया

एसडीएम द्वारा टोहाना के एक वकील के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में आज पूरे जिले के वकील टोहाना बार एसोसिएशन के समर्थन में उतर आए। फतेहाबाद, टोहाना और रतिया तीनों जगह वकीलों ने वर्क सस्पेंड कर अदालतों में कामकाज ठप्प रखा और एसडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए माफी की मांग की। वकीलों के बढ़ते रोष को देखते हुए एसडीएम प्रतीक हुड्डा टोहाना बार एसोसिएशन के कार्यालय में पहुंचे और पूरे विवाद को खत्म किया। बता दें कि टोहाना के वकील जयपाल मलिक ने एसडीएम प्रतीक हुड्डा पर उसके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर टोहाना के वकीलों में रोष फैल गया था और 1 मई को वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया था। वकील जयपाल मलिक का कहना था कि जब वे एक रजिस्ट्री के मामले में एसडीएम प्रतीक हुड्डा से मिले तो एसडीएम ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और मुर्गा बनाकर माफी मंगवाने की बात कही थी। इसके बाद टोहाना के सभी वकील एसडीएम कार्यालय पहुंचे और रोष जताया। वकीलों का कहना था कि इस व्यवहार को लेकर एसडीएम को माफी मांगनी चाहिए। इस मामले को लेकर 2 मई को भी टोहाना बार एसोसिएशन में बैठक हुई लेकिन कोई समाधान न निकलने पर जिलेभर के वकीलों ने शुक्रवार को वर्क सस्पेंड रखने की घोषणा की थी। शुक्रवार को तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचकर दरी बिछाकर प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं ने सभी मिलकर तीसरे दिन भी अपना वर्क सस्पेंड रखा तथा एसडीएम के एंट्री गेट के सामने बैठ गए। दोपहर बाद एसडीएम बार कार्यालय में गए जहां पूरे मामले का निपटारा हो गया। टोहाना बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गिल ने कहा कि एसडीएम ने बार कार्यालय में पहुंचकर अपनी बात को लेकर अपना पक्ष रखा और गलती को माना, जिसके बाद मामला निपट गया।



रतिया। टोहाना एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते वकील।

- जयपाल मलिक ने एसडीएम पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था

### फतेहाबाद में जिला बार एसोसिएशन ने रखा वर्क सस्पेंड

**फतेहाबाद।** जिला बार एसोसिएशन ने आज टोहाना बार एसोसिएशन के आह्वान पर अदालतों में वर्क सस्पेंड रखा। अदालतों में वकील पेश नहीं हुए। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप बेनीवाल, सचिव कमलेश वशिष्ठ व वित सचिव महेन्द्र बागड़िया ने बताया कि गत दिवस टोहाना बार के सदस्य वकील जयपाल मलिक के साथ टोहाना के एसडीएम ने दुर्व्यवहार किया जिसकी वजह से वकीलों में भारी रोष है। इसी वजह से आज वकीलों ने अदालतों में कामकाज नहीं किया। बार एसोसिएशन की ओर से अदालतों में नियुक्त प्रॉक्सी कौंसिल ने आज अदालतों में लगी तारीख पेशी की आगामी तारीख पेशी ली। बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप बेनीवाल, सचिव कमलेश वशिष्ठ व वित सचिव महेन्द्र बागड़िया ने इस घटना की निंदा की।

### रतिया बार एसोसिएशन ने रखा वर्क सस्पेंड, की नारेबाजी

**रतिया।** टोहाना बार एसोसिएशन के आह्वान पर आज रतिया बार एसोसिएशन ने भी वर्क सस्पेंड रखते हुए टोहाना एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की। टोहाना के वकीलों का समर्थन किया रतिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र ग्रोवर ने बताया कि टोहाना बार एसोसिएशन के एक वकील सदस्य के साथ टोहाना एसडीएम द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के बाद टोहाना बार एसोसिएशन द्वारा वर्क सस्पेंड किया गया तथा टोहाना बार एसोसिएशन के आह्वान पर रतिया में भी आज वर्क सस्पेंड रखते हुए टोहाना के वकीलों को न्याय देने की मांग करते हुए एसडीएम के ट्रांसफर की मांग की गई है इस अवसर पर रतिया बार एसोसिएशन के सचिव निशांत जिंदल, उपप्रधान सुखदेव सिंह, पूर्व प्रधान वेद कंबोज, हरपाल ग्रोहा, हरजीवन सिंह, रमेश कंबोज सहित रतिया बार के अधिकतर वकील मौजूद थे।



फतेहाबाद। भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

**फतेहाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला प्रधान नेहा मित्तल ने की। बैठक में लोकसभा संयोजक सीमा गैबीपुर व कलस्टर प्रभारी सरोज सिहाग उपस्थित रही। बैठक में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर की बहन दया रानी एवं भाभी उषा तंवर भी विशेष तौर पर पहुंची। बैठक को संबोधित करते हुए नेहा मित्तल, सीमा गैबीपुर एवं सरोज सिहाग ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी मेहनत व ताकत लगा दें ताकि 100 प्रतिशत मतदान सम्पन्न करवाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपते हुए कहा कि बूथ लेवल पर घर-घर जाकर अभियान चलाना होगा व पार्टी प्रचार को तूफानी गति प्रदान करनी होगी तथा लोगों को भाजपा द्वारा किए जा रहे विकास कार्य गिनवाते हुए प्रचार अभियान को तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ जीतना मतलब चुनाव जीतना के मन्त्र के साथ काम करना होगा। बैठक में सभी संयुक्त रूप से कहा कि इस बार भाजपा 400 पार के नारे के साथ चुनाव जीतेगी तथा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने समस्त शक्ति केन्द्र प्रमुखों को विभिन्न जिम्मेवारियां सौंपी। इस मौके पर नगर परिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, पार्षद नीलांशी शर्मा, डॉ. सुमन बजाज, पूनम सिंगला सहित पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं शक्तिकेन्द्र प्रमुख उपस्थित थे।

### पांच लाख की नकदी व लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव मौजूखेड़ा में चोरों ने एक मकान में सेंध लगाकर लाखों रुपये के आभूषण व करीब पांच लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना के समय परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था। चोर वारदात को अंजाम देने के बाद मकान में लगे सीसीटीवी कमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। डिंग थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव मौजूखेड़ा निवासी मंदीप सिंह खेतीबाड़ी करता है। मंदीप का कहना है कि वह अपने परिवार सहित गत दिवस रिश्तेदारी में गया हुआ था। 2 मई की रात को जब वापस लौटा तो मकान का गेट टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व अटेची खुली पड़ी थी। मंदीप सिंह का कहना है कि अलमारी के लॉकर का ताला भी टूटा हुआ था। इसमें से 2 तोले सोने के 2 हार, कांटे, सोने की 5 अंगूठियां, सोने की 4 चेन गायब मिली।

## मरणोपरांत पीलीमंदौरी के शेर सिंह ने किया शरीरदान

- पोतियों ने दिया दादा की अर्थी को कंधा, आंखे हुई नम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

जीते जी रक्तदान तो मरणोंपरांत नेत्रदान व देहदान कर डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु समाज में मानवता की अनुकरणीय मिसाल पेश कर रहे हैं। देहदानी की कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। भट्टूकलां ब्लॉक के गांव पीलीमंदोरी के 64 वर्षीय शेर सिंह इंसा ने मरणोपरांत शरीर दान किया है। शेर सिंह का पिछले कुछ दिनों से खराब स्वास्थ के चलते निधन हो गया था।। उनके बेटे मानवता भलाई केंद्र के सेवादार सुखनाम व रमेश ने बताया कि उनके पिता शेर सिंह ने अपने जीते जी मरणोपरांत शरीरदान का फार्म भरा था। उनकी अंतिम पूरी करते हुए तथा डेरा प्रमुख डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा पर चलते हुए उनका शरीर मेडिकल शोध के लिए सरस्वती आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज मोहाली को दान कर दिया। 85 मेंबर कमेटी सेवादार संतोष इन्सां ने बताया कि शेर सिंह ने अपने पूरे परिवार को गुरू की प्रेरणानुसार इंसानित की राह में लगाया तथा अपने परिवार को मानवता भलाई के हर कार्य में अग्रणी रखा। उनकी अंतिम यात्रा के समय सैंकड़ों डेरा श्रद्धालुओं और परिजनों ने पूरे सम्मान के साथ गांव के मुख्य बस स्टेंड तक उन्हें विदा किया। शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के कृष्ण इन्सां ने बताया कि ब्लॉक भट्टूकलां का यह पहला शरीरदान है। पार्थिव शरीर को रिश्तेदारों, बड़ी संख्या में डेरा श्रद्धालुओं ने अंतिम विदाई दी।



भट्टूकलां। देहदानी शेर सिंह को अंतिम विदाई देते परिजन व डेरा श्रद्धालु।

## राजनेता ऐसी टिप्पणी से बचें, जिनसे दो जातियों, धर्मों, समुदायों अथवा क्षेत्रों में तनाव पैदा हो, उपायुक्त का आग्रह

- निर्वाचन अधिकारी ने ली एमसीएमसी, सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कैंप कार्यालय में शुक्रवार को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी, सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों की बैठक ली। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी हिदायतों व दिशा निर्देशों की पालना करना अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को विज्ञापन व चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार प्रकाशित/प्रसारित करवाने के लिए एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। बिना अनुमति व प्रमाण पत्र के चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार प्रकाशित व प्रसारित करवाना नियमों की उल्लंघना माना जाएगा। उन्होंने सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि वे प्रत्याशियों के अनुमति प्रमाण पत्र लेने उपरांत की चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार का कार्य करे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन के लिए भी एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।



फतेहाबाद। कैंप कार्यालय में एमसीएमसी कमेटी, सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों की बैठक लेते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल।

## लोस चुनाव को लेकर फतेहाबाद में सिंगल विंडो सिस्टम लागू

- चुनाव प्रचार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लोकसभा आम चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के समय रोड शो और रैलियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले के चलने की अनुमति नहीं होगी। रोड शो के समय आधी सड़क पर आवाजाही की अनुमति होगी। रोड शो में पशुओं व स्कूल वर्दी में बच्चों को शामिल करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगा। इस दौरान पटाखे फोड़ने व हथियार लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर या वाहनों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के प्रयोग पर रात 10 से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा।

## जाखल-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन बंद होने से लोग परेशान, ट्रेन जल्द शुरू करने की मांग

- दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन ने इस ट्रेन को दोबारा शुरू करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

जाखल-दिल्ली पैसेंजन ट्रेन बंद होने से टोहाना के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन ने इस ट्रेन को दोबारा शुरू करने की मांग की है। इसको लेकर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को टोहाना के स्टेशन मास्टर से मिले और उन्हें डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपकर इस ट्रेन को जल्द शुरू करने की मांग की। एसोसिएशन के प्रधान राजेश नागपाल ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा 3 मई से 11 मई तक जाखल दिल्ली पैसेंजर गाड़ी संख्या 04432 को रद्द किया गया है। टोहाना के दैनिक रेल यात्रियों के लिए एक ट्रेन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके बंद होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जींद-फिरोजपुर छावनी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14027 जींद से जाखल और 14028 गाड़ी जाखल से जींद के मध्य को भी रद्द किया गया है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि इन रेलगाड़ियों के रद्द होने से दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों में बहुत ही ज्यादा रोष है। दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन ने मांग की है कि रेलवे विभाग लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों का जल्द दोबारा शुरू करवाए।



टोहाना। स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते हुए दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्य।

## लाइसेंसी हथियार जमा न करवाने पर कैंसल होगा शस्त्र लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने शस्त्र लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना या गन हाउस में जमा करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा छठे चरण में 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव होना है। पुलिस कप्तान ने कहा कि जो लाइसेंसी असला धारक सूचना देने के बावजूद अपना असला जमा नहीं करवा रहे, उनका असला लाइसैन्स निरस्त करवाएं जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक को अपना हथियार बिना किसी देरी के जमा करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी और शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

## 5 मई को होगी एनईईटी की परीक्षा केंद्रों के पास लगाई धारा 144

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को जिला के छह विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एनईईटी (यूजी)-2024 की परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा।

एनईईटी परीक्षा को लेकर जिलाधीश आर के सिंह ने परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केंद्रों के आस-पास धारा-144 लगाने के आदेश जारी किए हैं। परीक्षा के दिन पांच मई को दोपहर दो बजे से सायं 5.20 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी से संबंधित सभी दुकानें व कोचिंग संस्थान बंद रखने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केंद्र की 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार लेकर चलने पर भी पाबंदी रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास मोबाइल ले जाने, वाई फाई कनेक्टिविटी व लाउड स्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

एनटीए द्वारा स्थानीय शाह सतनाम जी ब्वायज स्कूल सिरसा, जन नायक चौ. देवीलाल मैमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विवेकानंद बाल मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल सिरसा, द सिरसा स्कूल, एवी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गीता सीनियर सैकेंडरी स्कूल में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## एमसीएमसी पेड न्यूज पर रखे कड़ी नजर

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह की अध्यक्षता में आज एनआईसी के वीसी रूम में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति द्वारा सभी समाचारपत्रों, टीवी, रेडियो, ई-पेपर, बल्क संदेश आदि से प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज़ पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कमेटी सदस्यों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव के दौरान यदि पेड न्यूज़ किसी उम्मीदवार द्वारा प्रकाशित की जाती है तो इस संदर्भ में समिति द्वारा कार्यवाही करते हुए समिति के निर्णय पर उस पेड न्यूज़ को उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जाएगा।

## सृष्टि में यह जो कुछ पावन कार्य हो रहा है, यह मानो यज्ञ हो रहा है

# आर्य समाज ने धूमधाम से मनाया अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में वैदिक मंत्रोच्चारण के द्वारा यज्ञ व हवन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा पंडित दीपक शास्त्री ने कहा कि सृष्टि में यह जो कुछ पावन कार्य हो रहा है, यह मानो यज्ञ हो रहा है। यह पावन कार्य गति के द्वारा हो रहा है, गति ही संसार में पवित्रता उत्पन्न करती है इसलिए यह गति ही यज्ञ है। उन्होंने कहा कि मन में संकल्प करके उसे वाणी द्वारा प्रकट करना ही यज्ञ है। मन में विचार स्पष्ट ना हो और वाणी द्वारा यूं ही बोलते जाना, यही हम सब करते हैं, यह अयज्ञीय बात है। पंडित दीपक शास्त्री ने कहा कि ऋषियों ने बताया है कि यज्ञ में मन तथा वाणी दोनों के प्रयोग से यज्ञ बनता है। ऐसे ही जीवन रूपी यज्ञ में इन दोनों का समन्वय होना बहुत जरूरी है।



फतेहाबाद। अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर आर्य समाज भवन में आयोजित यज्ञ में भाग लेते सदस्यगण। फोटो: हरिभूमि

### वैदिक विचारधारा में यज्ञ का बड़ा महत्व

स्वामी दयानंद सरस्वती ने अनेक सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास को दूर करते हुए यज्ञ को घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने देश में स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों को भी प्रेरित करके आंदोलन में चलने की प्रेरणा दी। ऋषि बताते हैं कि वैदिक विचारधारा में यज्ञ का बड़ा महत्व है, प्रत्येक शुभ कार्य का प्रारंभ यज्ञ से ही होता है। इस अवसर पर यज्ञ के यज्ञमान पायनियर स्कूल के संरक्षक विजय निमारे्ही, सतीश चौधरी, आर्य समाज के पूर्व प्रधान बंसीलाल आर्य एवं सुमन रेल्हन सपरिवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान अरुण ग्रोवर आर्य, बुधराम आर्य, हरीश वर्मा, सुरेंद्र सोनी, मुनीष आर्य, हरीश गांधी, बनारसी दास, बोदीवाली से दारा सिंह के अलावा महिला आर्य समाज की सम्पूर्ण मातृशक्ति उपस्थित रही। आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरुण ग्रोवर आर्य ने आए हुए महानुभावों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सब इस पावन यज्ञ में भाग लेते रहें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उनका साथ दें और ऋषि कायारे् को जन जन तक पहुंचाने का प्रयत्न करें।



एक गोरिल्ला दिन में 14 घंटे सोकर बिताता है।



कुत्ते को हर चीज केवल ब्लैक एंड व्हाइट ही दिखाई देती है।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यता

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## प्रयोगशाला टीचर के क्या होते हैं कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें प्रयोगशाला शिक्षक

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

## यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण पद, भारी डिमांड

# आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बन आप चुन सकते हैं एक बेहतर करियर ऑप्शन

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आंगनबाड़ी शब्द से आप सभी भलीभांति परिचित होंगे क्योंकि हम सभी के आसपास हमारे गांव में हमारे मोहल्ले कश्मीर वार्ड नगरीय क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र होते हैं। यह ऐसे सरकारी केंद्र है जहां पर महिला एवं बाल विकास कल्याण का हित देखा जाता है। इसलिए यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनकर आप एक बेहतरीन करियर चुन सकते हैं क्योंकि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एक बड़ा और महत्वपूर्ण पद माना जाता है। आंगनवाड़ी एक सरकारी केंद्र है। जहां पर सरकार की तरफ से विविध प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाती है। जो 20 से 25 या फिर 30 आंगनवाडी को अपनी देखरेख में सुविधा प्रदान करवाता है। अथवा सुपरवाइजर अपने अंतर्गत आने वाले सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को सहायता राशि प्रदान करवाते हैं



## विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलती

आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है और वर्तमान समय में सरकार की तरफ से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। सरकार विभिन्न प्रकार की सुविधाएं तरह-तरह के केंद्रों से लोगों तक पहुंचाते हैं। आज के समय में महिला और बाल विकास कल्याण पर अत्यधिक जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला और बाल विकास कल्याण मंत्रालय द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है। आंगनवाड़ी केंद्र हमारे घर के आस-पास हमें देखने को मिल जाते हैं जहां पर महिलाओं और बच्चों को उनके कल्याण और विकास के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। उनके भरण-पोषण के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार दिया जाता है तथा विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है इन सब की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की होती है।

## महिलाओं के लिए बेहद उपयुक्त



## क्या है आंगनवाड़ी

*आंगनवाड़ी एक ऐसा सरकारी केंद्र है जो आमतौर पर सरकारी भवन या सरकारी स्कूल के आसपास होता है। यह आंगनवाड़ी के अंदर संपूर्ण भारत में प्रत्येक गांव कस्बे मोहल्ले वार्ड में स्थित है। यहां पर विशेष रूप से गर्भवती महिला और छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाया जाता है। सरकार की तरफ से यहां पर तरह-तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी केंद्र को महिला एवं बाल विकास कल्याण द्वारा चलाया जाता है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के अंतर्गत महिला एवं बालक-बालिकाओं का कल्याण तथा विकास हो सकें। इसके लिए सरकार और मंत्रालय द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की देखभाल की जाती है। गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषक तत्वों से भरपूर आहार प्रदान किया जाता है जो उनके शरीर के लिए उपयोगी साबित होता है। इसके अलावा कुपोषण से ग्रसित बच्चों को विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व वाले आहार वितरण किए जाते हैं। तरह-तरह की सुविधा और सहायता प्रदान की जाती है ताकि उनका विकास और कल्याण हो सके इसी संदर्भ में हमारे देश में वर्तमान समय में बड़े पैमाने पर महिला और बाल विकास कल्याण पर जोर दिया जा रहा है।*

## कौन होता है आंगनवाड़ी सुपरवाइजर

*आंगनवाड़ी केंद्र को चलाने के लिए एक स्थानीय महिला नागरिक ही होती है। परंतु किसी ब्लॉक या तहसील के अंतर्गत आने वाले कम से कम 20-25 से लेकर 30 आंगनवाड़ी केंद्रों को संभालने की जिम्मेदारी एक व्यक्ति विशेष को दी जाती है जिसे आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कहा जाता है यह एक महत्वपूर्ण पद है। इसीलिए इस पर सरकार द्वारा परीक्षा का आयोजन करवाया जाता है इस परीक्षा को पास करने के बाद मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करके आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बन सकते हैं। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की भूमिका बहुत बड़ी होती है क्योंकि उसके अंतर्गत 30 आंगनवाड़ी केंद्र आते हैं। जहां पर समय-समय पर जरूरत के हिसाब से वह सरकार द्वारा प्रचारित की गई योजनाओं का लाभ पहुंचाना होता है। अंतर्गत आने वाली आंगनवाड़ी केंद्र पर सही ढंग से कार्य हो रहा है या नहीं इस बात की जिम्मेदारी भी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की होती है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारी से अंतर्गत आने वाली सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की देखभाल और वहां पर सरकार की तरफ से जारी की गई योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर जरूरी और महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कराना होता है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की डिमांड आज के समय में बहुत ज्यादा है क्योंकि आज के समय में ज्यादातर लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।*



## योग्यता

- आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने के लिए कम से कम 12वीं कक्षा पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से होनी चाहिए।
- अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से ही होनी चाहिए।
- आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने के लिए अधिकतम 40 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है।
- भारत के कुछ राज्यों में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बनने की आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है।

## कैसे बनें सुपरवाइजर

आंगनवाड़ी केंद्र का सुपरवाइजर बनने के लिए आपको सबसे पहले सब सरकार द्वारा आयोजित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर भर्ती में आवेदन करना होगा। इसके बाद लिखित परीक्षा पास करनी होगी। लिखित परीक्षा सामान्य तौर पर 100 अंको की होती है। परीक्षा में पास होने के बाद आपको इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। अगर आप अच्छी तरह से इंटरव्यू देते हैं तो आपको इंटरव्यू के बाद सुपरवाइजर बना दिया जाता है क्योंकि इंटरव्यू को आप ने पास कर दिया है। लेकिन अगर आप पास नहीं कर पाते हैं तो आपको अगले वर्ष फिर से सुपरवाइजर का एग्जाम देना होगा।

## भर्ती प्रक्रिया


**आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की भर्ती कैसे होती है यह जानने के लिए आपको निम्नलिखित चरणों को समझना होगा:**

- सबसे पहले आंगनवाड़ी द्वारा निकली भर्ती के लिए अप्लाई करें
- एप्लिकेशन फॉर्म भरने के बाद परीक्षा देनी होगी
- सबसे पहले लिखित परीक्षा पास करें
- लिखित परीक्षा पास करने के बाद साक्षात्कार (इंटरव्यू) होगा
- इंटरव्यू में पास होने के पश्चात आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के लिए चयन किया जाएगा।

## अच्छा सैलरी पैकेज

आंगनवाड़ी सुपरवाइजर का एक पद महत्वपूर्ण पद माना जाता है। यहां पर काफी सम्मान मिलता है क्योंकि इस पद के अंतर्गत आपको विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी उठानी होगी। आमतौर पर 10 से 15 या 20 से 25 आंगनवाड़ी केंद्र एक सुपरवाइजर के अंतर्गत आते हैं। लेकिन कभी कबार आपको 30 आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ सकती है और यह जिम्मेदारी उठाना कोई आम बात नहीं है। इस दौरान आपको अच्छी तरह से अपने कर्तव्य का पालन करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की सैलरी आमतौर पर 20,000 से 40,000 के बीच होती है। यह एक सरकारी नौकरी है इसीलिए आपको वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी मिल जाते है।

# डिजिटल प्रौद्योगिकी का युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

डिजिटल प्रौद्योगिकी के अविष्कार ने हमारे समाज को नई दिशा दी है, लेकिन इसके साथ ही यह भी सत्य है कि इसके प्रभाव कुछ चुनौतियों के साथ आते हैं, खासकर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर। युवा पीढ़ी को डिजिटल दुनिया में उत्साहित होने के कई लाभ हैं, लेकिन इसके साथ ही वे इसके नकारात्मक प्रभावों का शिकार भी हो रहे हैं। एक प्रमुख चुनौती यह है कि युवा पीढ़ी अब अधिक समय अपने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और इंटरनेट पर बिता रही है। इससे उनकी सोचने की क्षमता, सामाजिक संबंध, और व्यक्तित्व पर असर पड़ रहा है। अधिक समय डिजिटल मीडिया में बिताने से वे अक्सर अलगाव, उदासी, और दबे हुए महसूस कर सकते हैं।

## स्मार्टफोन से नींद होती प्रभावित

एक और महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि डिजिटल मीडिया में अधिक समय बिताने से नींद की समस्याएं बढ़ती हैं। युवा पीढ़ी को अपने स्मार्टफोन के साथ रात को बिस्तर में समय बिताने की आदत हो गई है, जो उनकी नींद को प्रभावित करती है और उन्हें अनियमित नींद की समस्या का सामना करना पड़ता है। नींद की कमी से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है और यह उन्हें तनाव, उदासी, और अन्य मानसिक समस्याओं की ओर खींच सकता है। युवाओं के लिए डिजिटल जगत में ऑनलाइन बुलाईंग भी एक बड़ी चुनौती है। सोशल मीडिया पर बुलाईंग और ऑनलाइन अपहरण की मामले बढ़ रहे हैं, जिससे उनका स्वाभाविक विकास प्रभावित हो रहा है और उन्हें डर और उदासी का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या का हल ढूंढने के लिए, हमें युवाओं को डिजिटल संसाधनों का सही उपयोग सिखाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्क्रीन समय को सीमित रखना, सक्रिय रहने के लिए बाहर जाना, और सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाए रखना युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, सरकारों, शैक्षणिक संस्थाओं, और समाज को को डिजिटल शिक्षा में और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। सरकारें और शैक्षणिक संस्थाएं डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में और नए और सक्रिय तरीकों का उपयोग करके युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। समाज के सभी स्तरों पर जागरूकता फैलाने के लिए अधिक सामाजिक पहलुओं की आवश्यकता है, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित कर सके। अतिरिक्त रूप से, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल तरीके से पहुंचाने के लिए नए और विनामूल्य संसाधनों का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सेवाएं ऑनलाइन माध्यमों के माध्यम से उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि युवा अपनी मानसिक समस्याओं को साझा करने और समाधान के लिए सहायता प्राप्त कर सकें। इस प्रकार, डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हम युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को समर्थ बनाने और उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने के लिए समर्थ बना सकते हैं। यह हमारी सामाजिक दायरे को बढ़ाने और स्वस्थ समाज की बुनियाद रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## आसान पैसे कमाने की लालसा और वित्तीय धोखाधड़ी

आधुनिक दुनिया में युवा पीढ़ी आसानी से पैसे कमाने की लालसा में डूबी हुई नजर आती है, जिसका एक बड़ा कारण है क्रिप्टोकरेंसी। क्रिप्टोकरेंसी एक विशेष प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, जो कि ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से संरक्षित होती है। यह एक नई और अभिनव तकनीकी उपाधि होने के साथ-साथ वित्तीय निवेश का भी एक रूचिकर क्षेत्र बन चुका है। क्रिप्टोकरेंसी की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें निवेश करने के लिए बहुत कम धन की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि युवा जो अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के इच्छुक होते हैं, वे इसमें निवेश करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं। लेकिन इस लालसा के पीछे छिपे अनेक खतरे हो सकते हैं। क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय बाजार में अभी भी बहुत अनियमित होती है और इसमें अधिकतर निवेशक अपने पूंजी को खो सकते हैं। साथ ही, क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। धोखाधड़ी लोग नकली क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर अपनी शिकार बनाते हैं और युवाओं को अपने जाल में फंसा देते हैं। इस समस्या का हल ढूंढने के लिए, सरकारों को और वित्तीय निकायों को अपनी क्रिप्टोकरेंसी के नियमों को सख्त करने और धोखाधड़ी के मामलों को निपटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। युवाओं को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि पैसे कमाने का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता है, और वे अपने निवेशों को सावधानी से करें। वित्तीय शिक्षा और बाजार की समझ उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव में मदद कर सकती है। इस प्रकार, युवा पीढ़ी को आसान पैसे कमाने की लालसा से दूर रहकर, समझदारी से निवेश करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकें। समझदारी से निवेश करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह निवेशकों को वित्तीय स्थिरता और सुरक्षा के लिए एक मार्गदर्शक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

उत्तर 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

खबर संक्षेप

### ग्रुप डी में चयनित 8 को डीसी कार्यालय में करें रिपोर्ट

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि आयुक्त हिसार मंडल के कार्यालय से प्राप्त पत्र में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में जिला के ग्रुप डी में चयनित कर्मचारी अस्थाई नियुक्ति के लिए 8 मई को सुबह 9 बजे तक लघु सचिवालय के उपायुक्त कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी उपस्थित रिपोर्ट दे सकते हैं।

### मोटर चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

**हांसी।** थाना सदर पुलिस ने जलघर मोटर चोरी करने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महिला आरोपियों की पहचान गांव संदलाना निवासी सुनीता व गांव डाटा निवासी मीना के रुप में हुई है। जांच अधिकारी थाना सदर हांसी में तैनात मुख्य सिपाही बन्नी सिंह ने बताया कि दोनों महिला आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव घिराए के जलघर में पानी सप्लाई करने के लगाई गई 6 मोटर चोरी कर ली थी।

### पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिलगेट क्षेत्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी में सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने कहा कि स्वच्छ व सजग पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के बाद पत्रकारिता को ही लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित एमएससी फिजिक्स कोर्स कोड-072 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी साइकोलॉजी कोर्स कोड-111 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीएससी इलेक्ट्रोनिक्स कोर्स कोड-234 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमए इंगलिश प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीटेक सीएसई एआईएमएल पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया

# पुलिस अधीक्षक ने लिया बूथों की सुरक्षा का लिया जायजा

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को कानून का पालन करने का संदेश जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डबवाली।

पुलिस अधीक्षक डबवाली द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारियों में मतदान केंद्रों और मतदान बूथों की सुरक्षा का जायजा लिया गया तथा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को कानून का पालन करने का संदेश जा रहा है। एरिया डोमिनेशन के दौरान लोगों को निर्भीक रूप से मतदान करने की अपील की गई। साथ ही यह भी अपील की गई कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून संगत कार्य करें। गड़बड़ी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने डबवाली क्षेत्र के गांव जलालआना, औढां, नुहियांवाली, घुकांवाली, मोटा पन्नीवाला, गदराना व कालांवाली के शहरी क्षेत्र सहित कई संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों का बारीकी से निरीक्षण किया।

### लोगों से वार्ता कर सुझाव और जानकारी ली

इस दौरान मतदान प्रक्रिया को लेकर कई बिंदुओं पर स्कूलों के शिक्षक, गांवों के प्रधान और गणमान्य लोगों से वार्ता करते हुए सुझाव और जानकारी ली। कई स्कूलों में बनने वाले पोलिंग बूथों का दौरा कर वहां पेयजल, बिजली, सुरक्षा के साथ ही धूप आदि से बचाव के विषय में भी जांच पड़ताल की गई। स्कूलों में कमरों की संख्या देखते हुए उनसे जुड़े मतदाताओं की संख्या को भी अंकित किया गया। मतदान केंद्र तक आने वाले मागारें एवं आस पड़ोस में स्थित घरों का नक्शा भी तैयार किया गया। मतदान केंद्रों पर शौचालय समेत भवन के बारे में भी जानकारी ली गई।

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं रहस्यमयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अखिल भारतीय धर्म सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी दिनेशानंद शास्त्री ने श्री मद्भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को जनता भवन स्थित राम भवन परिसर में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के द्वारा मानव को ज्ञान देकर भक्ति के मार्ग पर चलाने का काम किया। स्वामी जी ने भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं पूर्णतया रहस्यमय है। इनका सीधा प्रभाव बुद्धि पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि लीलाओं के सुनने से मानव का मन पवित्र हो जाता है, मन में भक्ति की भावना जागृत होती है। भक्ति करने से मानव का अंतकरण मखन की तरह श्वेत, शुद्ध हो जाता है जिसे भगवान अपने से लगा लेते है और मानव का कल्याण हो जाता है। स्वामी जी ने गोपियों के संग श्रीकृष्ण के रास का वर्णन करते हुए कहा कि गोपी का अर्थ शुद्ध आत्मा है और आत्मा का परमात्मा से मिलन को ही रास कहा गया है। उन्होंने कहा कि जब आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है तब मानव संसार के सभी झंझटो को तिलांजलि दे देता है और वो परमात्मा की भक्ति में लग जाता है।

### कालिया नाग का अर्थ है मन

दिनेशानंद शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गोपीयों संग रास करने का अर्थ श्री कृष्ण ने कालिया नाग और उसकी दस पत्नियों (नागिनें) का अंत कर लोगों को उनके खौफ से मुक्ति दिलाने का काम किया। दिनेशानंद ने इस पर विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि कालिया नाग का अर्थ मन है और इनकी दस पत्नियों में पांच पत्नियों का अर्थ ज्ञानेंद्रिया और पांच पत्नियों का अर्थ कर्म इंद्रियां है। उन्होंने कहा कि मानव अपने मन और इंद्रियों को वश में करके पूर्ण मानव बन सकता है।

## एडीसी ने किया हेलेन केलर अंध विद्यालय का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक भारती ने जिला समाज कल्याण के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को हेलेन केलर अंध विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय की प्रधान रमता सोनी ने बताया कि प्रशासन ने विद्यालय को टेक ओवर कर लिया है और विद्यालय का नियंत्रण अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया है, जिससे विद्यालय का संचालन करने में किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। इससे दृष्टि बाधित छात्रों को बहुत ही फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त विवेक भारती और समाज कल्याण कार्यालय से महावीर गोदारा व सतीश कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया व की व्यवस्था देखी और प्रबंधन कमेटी के साथ मिलकर भविष्य में विद्यालय को सुचारू ढंग से चलाने की योजना बनाई व प्रबंधन कमेटी को हिदायत दी कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई व रखरखाव में किसी तरह की कोई कमी ना आए और विद्यालय की प्रबंधन कमेटी की सराहना करते हुए विद्यालय को प्रशासन के साथ मिलकर चलाने के निर्देश दिए, इस मौके पर विद्यालय की प्रधान रमता सोनी, महासचिव वीरभान सेठी, कोषाध्यक्ष संजीव जैन, दीपशिखा तनेजा, सोमबीर व विद्यालय का उपस्थित स्टाफ मौजूद था।

### पैदल जा रहे युवक को पिकअप ने मारी टक्कर

**फतेहाबाद।** टोहाना में पैदल जा रहे युवक को पिकअप ने टक्कर दे मारी। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में राजनगर टोहाना निवासी मनोज कुमार ने कहा है कि वह यस बैंक टोहाना में काम करता है। गत दिवस वह अपने दोस्त सुशील बलियावाला के साथ अपने घर से पैदल गांव बलियावाला की तरफ जा रहा था। रास्ते में राजनगर की तरफ से आई एक पिकअप के चालक ने पिकअप को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसमें टक्कर दे मारी जिससे वह गिरकर घायल हो गया।

## स्लोगन में कुमकुम, पोस्टर मेकिंग में सुकेश व पेंटिंग में ज्योति रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़ोपल में स्वीप की शंकुल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।


स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़ोपल में शंकुल स्तरीय स्लोगन, पोस्टर मेकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में जीएसएसएस बड़ोपल की कुमकुम ने प्रथम स्थान, पीएम श्री जीएसएसएस धांगड़ की प्रीति ने द्वितीय स्थान व नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएसएस धांगड़ से सुकेश ने प्रथम स्थान, जीएसएसएस बड़ोपल से खुशबु ने द्वितीय स्थान व पीएम श्री जीएसएसएस धांगड़ से हरीश कुमार ने तृतीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएसएस धांगड़ से ज्योति ने प्रथम स्थान, जीजीएचएस बड़ोपल से मनीषा ने द्वितीय स्थान व जीएसएसएस बड़ोपल से डोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि जीजीएचएस धांगड़ से हर्षिता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अनीता रानी ने विजेता छात्रों की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में रोहताश भाटिया, पुनम रानी, रेणु, उर्मिला तथा सुनीता ने निर्णायक मंडल के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाना प्राथमिकता

- सभी पुलिस अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपनी इ्यूटी के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए कड़ी सतर्कता व सावधानी बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए।

आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना पुलिस की सवार्ेच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी पुलिस अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपनी ड्यूटी के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए कड़ी सतर्कता व सावधानी बरतें। उक्त निर्देश जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने शुक्रवार को पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में जिला के पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक लेने के उपरांत दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी तथा थाना प्रभारी साथ लगते रा'यों पंजाब व राजस्थान के पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लगातार उनके संपर्क में रहे तथा एक दूसरे का बेहतर सहयोग करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के लाइसेंसी हथियार शीघ्र अति शीघ्र जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा कानून की अवहेलना करने वाले लाइसेंसी असहलाधारकों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें तथा सामाजिक व संदिग्ध किस्म के लोगों पर कड़ी निगाहें रखें तथा आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लें। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि पंजाब व राजस्थान सीमा पर स्थापित किए गए पुलिस नाकों पर से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति को बारीकी से चेक करें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमित नाकों के अलावा साथ लगते रा'यों के संदिग्ध मागोंर् पर भी औचक नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के साथ बैठके कर जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनका सहयोग लें तथा आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में एडिशनल एसपी दीप्ति गर्ग, डीएसपी संजीव बल्हारा, डीएसपी सुभाष चंद्र सहित जिला के सभी थाना, चौकी तथा विभिन्न सेल के प्रभारी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में 52 केस निपटाए

- लोक अदालत में लंबित चल रहे मामलों में से संबंधित 54 मामले रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मामलों की सुनवाई करते परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गर्ग।

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सदस्य सचिव के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला एडीआर सेंटर में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई करते हुए लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गर्ग ने कुल 52 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि स्थानीय एडीआर सेंटर में शुक्रवार को परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता में व लोक अदालत की सदस्य सरोज सोनी द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 373 मामले रखे गए जिनमें से 52 मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान प्री लिटिगेशन के 319 केस रखे गए और 31 केसों का निपटारा किया गया जिसमें 57984 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ और परमानेंट लोक अदालत में लंबित चल रहे मामलों में से संबंधित 54 मामले रखे गए जिसमें से 21 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया।

## लहरियां गांव में एक युवक-युवती द्वारा लव-मैरिज किए जाने पर दो गुटों के बीच संघर्ष

- लहरियां में तनाव होने के कारण अंकित व पूजा को सेफ हाउस फतेहाबाद भेजा
- दोनों ही पक्षों के दो महिलाओं सहित आठ लोग घायल

हरिभूमि न्यूज/ भूना।

लहरियां गांव में एक युवक- युवती द्वारा लव- मैरिज मामले को लेकर दो गुटों के बीच संघर्ष हो गया। जिसमें आठ लोग घायल हो गए हैं। घायलों में लव-मैरिज करने वाली लड़की भी शामिल है।घायलों को सीएचसी केंद्र भूना से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। डीएसपी जगदीश काजला ने घटनाक्रम को लेकर थानाध्यक्ष संदीप कुमार से फोन पर बातचीत करके मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस ने युवक पक्ष की शिकायत पर लड़की पक्ष की 11 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार लहरियां में अंकित पुत्र रमेश कुमार मुंदलिया व पूजा नामक युवती ने फरवरी महिना में घर से भाग कर प्रेम विवाह कर लिया और चार दिन पहले ही लहरियां में आकर रहने लगे। जिसको लेकर गांव में इसको लेकर विरोध खड़ा हो गया। क्योंकि मुंदलिया व पूनिया गोत्र के लोगों का आपस में गहरा भाईचारा कायम है।गांव के लोग भी उपरोक्त प्रेम विवाह को लेकर काफी नाराज हैं। गांव में दोनों ही गोत्र के लोग एक दूसरे को भाई मानते रहे और दूसरे युवाओं पर इसका विपरीत प्रभाव ना पड़े, इसलिए इन्हें गांव से दूर रहने की सलाह दे रहे।

### अंकित व पूजा को सेफ हाऊस भेजा

लहरियां निवासी 25 वर्षीय अंकित मुंदलिया व 23 वर्षीय पूजा ने फरवरी महीने में घर से भाग कर प्रेम विवाह कर लिया था। लेकिन चार दिन पहले अंकित अपने घर पूजा को लेकर आ गया। जिसको लेकर गांव में तनाव पैदा हो गया और तंज कसने को लेकर विवाद हो गया। लेकिन अब दोनों को फतेहाबाद के सेफ हाउस में भेज दिया गया है।

### पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है: एसएचओ

थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि लड़के पक्ष के रमेश कुमार मुंदलिया के बयान पर लड़की पक्ष के खिलाफ घर पर जाकर हमला करने के मामले में 11 लोगों की एफआईआर दर्ज की है। जिसमें राजवीर सिंह, शमशेर सिंह, नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र उर्फ भालिया, संदीप कुमार, अमित कुमार, राहुल उर्फ बंटी, सतबीर उर्फ कालिया, विकास व शीशपाल के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,323,452,506 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया है और 325 के लिए कानूनी राय मांगी गई है।

### पूर्व विधायक के पुत्र ने थामा कांग्रेस का दामन

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा से इण्डिया गठबंधन के लिए कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी शैलजा टोहाना हलके के दौरे के लिए जाते हुए फतेहाबाद के बाईपास पर रूकी। इस अवसर पर रतिया व फतेहाबाद से कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रतिया व फतेहाबाद से भारी संख्या में पंच, सरपंच व अन्य लोगों ने कुमारी शैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। इनमें मुख्य रूप से रतिया के पूर्व विधायक ज्ञानचंद ओड के पुत्र रवि ओड व फतेहाबाद से ऑटो मार्केट के प्रधान जरनैल सिंह, पार्षद सुखदेव सिंह सहित रमेश कुमार ओड, दियालचंद ओड नंगल, विपिन कुमार, पप्पू ओड आदि कांग्रेस में शामिल हुए। कुमारी शैलजा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया तथा विश्वास दिलाया कि उन्हें कांग्रेस में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर सिरसा के पूर्व सांसद स. चरणजीत रोड़ी, फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, जयपाल लाली, डा. विरेन्द्र सिवाच, रतिया से सुरेन्द्र वर्तिया सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## जिले से एक युवती सहित दो लोग लापता

- 21 वर्षीय लड़की बीती रात घर से बिना बताए कहीं चली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि वह अब फतेहाबाद के गांव नहला में एक ईंट भट्ठे पर रहता है। उसकी 21 वर्षीय लड़की बीती रात घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई है और वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। उसने आरोप लगाया कि ईंट भट्ठे पर ही रहने वाला मनोज नामक युवक उसकी लड़की को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव खुनन निवासी हरदीप सिंह की शिकायत पर उसके चचेरे भाई गुरदेव सिंह के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। हरदीप ने कहा कि गुरदेव 1 मई को सुबह बनावाली सैंटर में आधार कार्ड ठीक करवाने की बात कहकर गया था और वापस घर नहीं लौटा है।

### गाय चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने गाय चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें महावीर कॉलोनी निवासी अरुण उर्फ बंटी, रावलवास निवासी प्रदीप उर्फ गोलू और पनिहार चक निवासी उदयवीर शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और चोरीशुदा गाय बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में नवदीप कॉलोनी निवासी जगदीश ने उसकी डेयरी से गाय और भैंस चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि उपरोक्त तीनों आरोपियों ने टाटा एस गाड़ी में नवदीप कॉलोनी से गाय चोरी की थी।

### टेलीविजन व समाचार पत्रों पर बारीकी से नजर रखने के निर्देश

## रिटर्निंग अधिकारी ने लघु सचिवालय परिसर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह ने चुनाव को लेकर लघु सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण व एएसपी दीप्ति गर्ग भी मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने लघु सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए बेरिगेट्स व बनाए गए एंट्री प्वाइंट बारीकी से समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया और जरुरी दिशा निर्देश दिए।



सिरसा। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपायुक्त।

### सोशल मीडिया पर अनावश्यक व विवादित प्रचार पर रखें निगरानी

रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के सदस्य टेलीविजन व समाचार पत्रों पर बारीकी से नजर रखें और उम्मीदवारों द्वारा किए जा रहे प्रचार संबंधित विज्ञापनों को समय सहित रजिस्टर में नोट करें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर होने वाले अनावश्यक व विवादित प्रचार पर भी निगरानी रखें। कुछ भी संदिग्ध या भ्रामक प्रचार लगने पर तुरंत संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज पर विशेष ध्यान रखते हुए संबंधित आरओ को इसकी जानकारी दें। इस दौरान डीईटीसी आलोक पाशी, अंजू सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र, डीआईपीआरओ संजय बिढलान मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## युवक अवैध पिस्तौल सहित काबू

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि सीआईए कालांवाली की पुलिस टीम के एएसआई राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव कालांवाली में सरकारी डिस्पेंसरी के पास से गुप्त सूचना के आधार पर रमेश पुत्र मेवा सिंह निवासी कालांवाली को अवैध पिस्तौल के साथ काबू किया। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भारतमाला एक्सप्रेस वे पर हादसा, एक की मौत

**डबवाली।** भारतमाला एक्सप्रेस वे पर गांव शेरगढ़ के समीप एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक रावतसर राजस्थान का निवासी काना राम पुत्र लालचंद अपने एक साथी के साथ पिकअप गाड़ी पर पंजाब में गाय छोड़कर वापस रावतसर जा रहा था। रास्ते में हादसा हो गया।

## किसान आंदोलन को मजबूत करने पर मंथन

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता बीकेई कोर कमेटी की बैठक हुई जिसमें किसान आंदोलन-2 को मजबूत करने के लिए चर्चा हुई। किसान नेता लखविंद्र सिंह व प्रकाश ममेरां ने ने कहा कि 22 मई को आंदोलन को 100 दिन पूरे होने पर लाखों किसान आंदोलन में भाग लेंगे और मांगें लागू करवाने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जेल में बंद किसान अनीश खटकड़, नवदीप सिंह, गुरकीरत सिंह की रिहाई की मांग उठाई गई।

## नेहरू पार्क मार्केट एसोसिएशन का गठन

**सिरसा।** नेहरू पार्क मार्केट के दुकानदारों ने दुकानदारों की समस्याओं के समाधान के लिए सर्वसम्मति से नेहरू पार्क मार्किट एसोसिएशन का गठन किया। इसी कड़ी के तहत समूह दुकानदारों की बैठक में सर्वसम्मति से अशोक सोनी को प्रधान, जगत सोनी को उपप्रधान, प्रैस प्रवक्ता व सेक्रेटरी का पद राजेंद्र सिंह जग्गा, कैशियर नरेश ढालिया व कोषाध्यक्ष सुभाष चौहान को चुना गया। इस मौके पर उपप्रधान जगत सोनी व प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र सिंह जग्गा ने सयुक्त रूप से कहा कि व्यापारी वर्ग सरकार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में अहम रोल अदा करता है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फतेहाबाद।** जिले के कुलां-भूना रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी डूल्ट निवासी संजय ने कहा है कि गत दिवस शाम को वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी ढाणी से भूना की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह कुलां से भूना रोड पर पहुंचा तो पीछे से आए अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही से चलाया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी।

### साइबर ठगी के बढ़ते मामलों ने बढ़ाई पुलिस की परेशानी, सैकड़ों लोग बन चुके शिकार

# 5 लाख का लोन देने के नाम पर युवक से हजारों रुपये ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

गीता मंदिर रोड निवासी एक युवक से 5 लाख का लोन देने के नाम पर हजारों की ठगी का समाचार है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने 2 मई को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गीता मंदिर रोड, फतेहाबाद निवासी जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि वह सब्जी मण्डी में सब्जी बेचने का काम करता है। कुछ दिन पहले उसके व्हाटसअप नंबर पर एक मैसेज आया कि उसका ईयू फाइनेंस में 5 लाख का लोन अप्रूव हो गया है वह अपने डॉक्युमेंटस भेज दे। इस पर उसने बताए गए नंबर पर अपने डॉक्युमेंटस भेज दिए। उसके बाद उससे लोन एग्रीमेंट चार्ज के नाम पर 5550 रुपये, इंश्योरेंस कोड जनरेट करने के लिए 15500 रुपये, एफआरसी कोड जनरेट करने के नाम पर 18500 रुपये, एनओसी पेपर चार्ज के नाम पर 26500 रुपये मांगे।

इस तरह उक्त व्यक्ति ने उसे झांसे में लेकर उससे 58 हजार रुपये ले लिए लेकिन उसे कोई लोन नहीं मिला। बाद में उसके पास फिर फोन आया और उसने कहा कि अगर उसने पैसे नहीं भेजे तो न तो उसे लोन मिलेगा और न ही उसके द्वारा भरे हुए पैसे वापस मिलेंगे। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने इस बारे साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव धांगड़ निवासी कुलदीप सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया है। कुलदीप ने कहा कि साइबर ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 19 हजार रुपये हड़प लिए है। एक अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव अहलीसदर निवासी कुलदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया है। कुलदीप ने कहा कि उसके पास एक फोन आया जिसने उसे पार्ट टाइम जॉब लगाने का लालच दिया और उससे 22 हजार रुपये ऐंठ लिए है।

### दौलतपुर की महिला से साइबर ठगी

**फतेहाबाद।** गांव दौलतपुर में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। खाते में ज्यादा पैसे ट्रांसफर होने के नाम पर एक व्यक्ति ने उससे 40 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे अब पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव दौलतपुर निवासी महिला संतोष ने कहा है कि 26 अप्रैल को उसके पास फोन आया और फोन करने वाले ने उससे कहा कि उसके पापा ने कहा है कि उसके खाते में 15 हजार रुपये डालने है। वह अपना गुगल पे या फोन पे नंबर दे दे। जब उसने अपना नंबर दिया तो उसके पास 10 हजार और 50 हजार रुपये के मैसेज आए। इस पर उक्त व्यक्ति ने उसे व्हाटसअप कॉल कर कहा कि गलती से उससे 'यादा रुपये डल गए है इसलिए वह 45 हजार रुपये उसे वापस ट्रांसफर कर दे। महिला ने कहा कि इस पर उसने अपने खाते को बिना चैक किए 40 हजार रुपये उसके द्वारा बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपने बैंक अकाऊंट को चैक किया तो पाया कि उसके खाते में एक रुपये भी जमा नहीं हुआ था और उक्त व्यक्ति ने उससे धोखा कर पैसे ऐंठ लिए है। इस पर महिला ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रतिया के तीन लोगों से हजारों रुपये हड़पे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने रतिया के तीन लोगों हजारों रुपये हड़प लिए। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी श्याम लाल ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उसे बातों में फंसा लिया और उसे झांसा देकर उसके खाते से 45 हजार रुपये गुगल पे व फोन पे से ट्रांसफर करवा लिए। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे नकली मैसेज भेजकर उसके साथ हजारों की ठगी की है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दी।

दूसरे मामले में रतिया पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 1 रतिया निवासी गुरमीत कौर ने कहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर उसे बातों में फंसा लिया और उसके खाते से 29 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव कलोठा निवासी राजेन्द्र कुमार की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। राजेन्द्र ने कहा कि उसने ऑनलाइन गुगल पे का नंबर सर्च किया और फोन मिलाया। बाद में उसे एप का लिंक मिला। जैसे ही उसने उक्त लिंक से एप इन्स्टाल किया तो उसके खाते से 20300 रुपये कट गए।

### ई-श्रम कार्ड के रुपये खाते में डालने के नाम पर युवक से 22 हजार ठगे

**फतेहाबाद।** ई-श्रम कार्ड के रुपये खाते में डालने के नाम पर भट्टू के एक युवक से 22 हजार रुपये की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक को शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। भूना पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव भट्टू निवासी सन्नी ने कहा है कि 22 अप्रैल को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया।

उसने कहा कि उसकी माता सुमन के खाते में ई-श्रम कार्ड के रूपये आने हैं लेकिन ई-श्रम कार्ड के साथ उसकी माता का खाता लिंक नहीं है इसलिए वह अपने खाते में यह रुपये डलवा ले। इसके बाद फोन करने वाले ने सन्नी के पास एक मैसेज भेजा। जैसे ही उस मैसेज पर क्लिक किया तो उसके खाते से कुल 22 हजार रुपये कट गए। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। उसने तुरंत इस बारे नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोन के नाम पर दहमान का किसान हुआ साइबर ठगी का शिकार, हजारों गवाएं

**फतेहाबाद।** लोन देने के नाम पर गांव दहमान के एक किसान साइबर ठगी का शिकार हो गया और 19818 रुपये गंवा बैठा। अब इस बारे पीड़ित किसान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। भूना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दहमान निवासी राजेन्द्र कुमार ने कहा है कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। 29 अप्रैल को उसने फेसबुक पर लोन का एक विज्ञापन देखा जोकि बजाज फिनसर्व के नाम से आया हुआ था इस पर उसने एप्प पर लोन के लिए अप्लाई कर दिया। उसके बाद उसके पास फोन आया। फोन करने वाले ने उससे लोन बारे पूछा और कहा कि 20 हजार रुपये लोन दे देंगे। वह अपने दस्तावेज व्हाटसअप पर भेज दे। इस पर उसने अपने कागजात व्हाटसअप नंबर पर भेज दिए। इस पर फोन करने वाले ने लोन अप्रूव के लिए टाईम मांगा और फाइल के नाम पर 699 रुपये और बीमा पॉलिसी के लिए 3280 रुपये मांगा। इसके बाद सर्विस टैक्स आदि के 5999 रुपये और 4920 रुपये की दो बार मांग की। इस पर उसने कुल 19818 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### एलआईसी अधिकारी बनकर लगाई चपत

**फतेहाबाद।** टोहाना में एलआईसी अधिकारी बन एक ठग ने महिला के खाते से हजारों रुपये की राशि चोरी कर ली। इस बारे महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। इसके अलावा टोहाना में ऑनलाइन ठगी के तीन ओर मामले भी सामने आए है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू मॉडल टाऊन टोहाना निवासी महिला प्रवेश ने कहा है कि अगस्त 2023 में उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह एलआईसी से शर्मा बोल रहा है। उसके पति सतपाल सिंगला ने उसका मोबाइल नंबर दिया है। महिला ने कहा कि इसके बाद उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 29 हजार 900 रुपये कट गए है। इस पर उक्त व्यक्ति ने कहा कि वह उसके खाते में 29900 रुपये जमा करवा रहा है। महिला ने कहा कि जब उसने फोन करने वाले व्यक्ति से पूछा कि उसने अभी तक पैसे नहीं नहीं करवाए तो उसने उससे 5 हजार रुपये ओर जमा करावने को कहा लेकिन मैने यह रुपये जमा नहीं करवाए ताकि वह यह पैसे भी न निकाल ले। इस पर महिला ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में टोहाना पुलिस ने गांव पारतां निवासी उग्रसैन की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उग्रसैन ने कहा कि उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उससे उसे बातों में फंसाकर उससे 34 हजार रुपये हड़प लिए है। एक अन्य मामले में टोहाना पुलिस ने कुलां निवासी नीलम की शिकायत पर केस दर्ज किया है। नीलम ने कहा कि उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उससे उसे बातों में फंसाकर उससे 13 हजार रुपये हड़प लिए है। एक अन्य मामले में टोहाना पुलिस ने इंदाछोई निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया है। प्रदीप ने कहा है कि उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसे जाल में फंसाकर उसकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से 45900 रुपये हड़प लिए है।

### विदेशी महिला बनकर दोस्ती की, टोहाना के युवक को हजारों का लगाया चूना

**फतेहाबाद।** विदेशी महिला से दोस्ती टोहाना के एक युवक को काफी महंगी पड़ गई और उसे 20 हजार रुपये की चपत लग गई। इस बारे अब पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में प्रीत विहार कालोनी टोहाना निवासी बलराज सिंह ने कहा है कि उसके साथ 20 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई है। बलराज ने कहा कि एक युवती ने व्हाटसअप पर उससे दोस्ती कर ली फिर उसे धोखेबाजी का जाल बिछाया। युवती ने कहा कि वह लीवरपुल, अमेरिका की रहने वाली है और भारत में घूमना चाहती है। उसने अमेरिका से मुम्बई की फर्जी हवाई टिकट बनाई और उससे कहा कि वह मुम्बई एयरपोर्ट पहुंच चुकी है।

उसके पास बहुत सारा कैश है जोकि लगभग 64 लाख रुपये है। उसे कस्टम वालों ने ज्यादा कैश होने के कारण उसे पकड़ लिया है। यदि उसने कस्टम टैक्स के रुपये जमा नहीं करवाए तो उसे जेल हो जाएगी। अगर कोई भारतीय उसे 38900 रुपये दे तो वह छूट सकती है। उसने एक फर्जी कस्टम अधिकारी से भी उसकी बात करवाई। उक्त फर्जी अधिकारी ने उसे गुगल पे नंबर दिया और रुपये जमा करवाने को कहा। इस पर उसने कहा कि वह केवल 20 हजार रुपये दे सकता है। इस पर उसने उसे यह रुपये भेजने को कहा। उसने युवती पर विश्वास करते हुए 20 हजार रुपये बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर होते ही युवती के व्यवहार में अंतर आ गया। इस पर उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और उसने इस बारे पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पर्यावरण के प्रति जागरूकता जरूरी

- वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे पर सामुदायिक रेडियो स्टेशन पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू में वर्ल्ड फ्रीडम डे पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अमित सांगवान व अन्य।

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के सामुदायिक रेडियो स्टेशन पर वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे के उपलक्ष्य मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एंव जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित सांगवान ने कहा कि भारतीय प्रेस राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रेस सरकार तथा जनता के बीच कड़ी का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग सभी राष्ट्रों के लिए चुनौती के रूप मे सामने आ रहा है। इस चुनौती से निपटने मे मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

मीडिया के माध्यम से समाज को इन्वायरमेंटल ईसूज के बारे मे जागरूक करके विभिन्न इको फ्रैंडली तकनीक अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तकनीक की वजह से जहां एक ओर सूचनाओं के प्रवाह में बढ़ोतरी हुई है। वही भ्रामक सूचनाओं की वजह से कई बार अनेक प्रकार की समस्याएं भी जन्म लेती है। उन्होंने कहा कि यूनेस्को द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र मे अच्छा कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से और प्रेस फ्रीडम को बरकरार रखने के लिए 1993 मे सयुक्त राष्ट्र की महासभा ने पहली बार विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने का फैसला लिया गया था।

## मतदान के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान

- सूर्य की पहली किरण के साथ 1100 विद्यार्थियों ली शपथ

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

सूर्य की पहली किरण के साथ ही 1100 विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे 25 मई के दिन अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए संकल्प दिलवाएंगे।

जी हां, यह नजारा शुक्रवार को स्थानीय एसबीपी डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में देखने को मिला जहां हजारों विद्यार्थियों ने अपने हाथों में वोटर जागरूकता की स्लोगन पट्टियां ली हुई थी और कह रहे थे जागेंगे-जगाएंगे, हमारे अभिभावक वोट डालने जाएंगे। कार्यक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा कि युवा समाज और देश की मुख्य कड़ी है जो अन्य लोगों को विशेष रूप से अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए संकल्प दिलवा सकते हैं। उन्होंने एक हजार से अधिक युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इस पर्व को उत्साह और जिम्मेवारी के साथ मनाएं। एडीसी ने सभी अध्यापकों, स्टाफ व विद्यार्थियों को शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर विशेष रूप से वोटर जागरूकता पर कव्वाली व सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया जो सभी ने सराहा। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मदान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि एनएसएस के 200 युवाओं को घर-घर जाकर वोटर जागरूकता के लिए तैयार किया गया है जो आमजन को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता भी की गई, जिसका अवलोकन अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर ने युवाओं को लोकगीत जागेंगे-जगाएंगे वोट डालने जाएंगे पर अभिनय के माध्यम से प्रेरित किया।



**फतेहाबाद।** डीएवी स्कूल में वोटर जागरूकता की शपथ दिलाते एडीसी राहुल मोदी। *फोटो : हरिभूमि*

## उपायुक्त देर रात पहुंचे अनाज मंडी, गेहूं के उठान कार्य की ली जानकारी



**सिरसा।** उपायुक्त आर.के. सिंह वीरवार रात अनाज मंडी में पहुंचे और वहां उठान कायार्ें व अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मंडी में खाली खड़े ट्रकों बारे अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए ट्रकों में गेहूं को लिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित ठेकेदार से जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि मंडियों में गेहूं उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जितना जल्दी हो सके मंडी में आई गेहूं की फसल का पूरा उठान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रकों व लेबर की अतिरिक्त व्यवस्था कर सुचारु रुप से गेहूं का उठान करवाया जाए। किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है तो उस बारे अवगत करवाएं। इसके साथ-साथ अनाज मंडी में बिजली, पानी आदि व्यवस्थाएं भी सुदृढ की जाएं ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो।

## बिजली कटों से दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज. रानियां



**सिरसा।** रानियां में बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते दुकानदार।

जीवन नगर रोड पर गौशाला के समीप बाबा दुकानदारों ने बिजली कटों से परेशान होकर बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे मलकीत सिंह थिंद, सेवा सिंह, भूप सिंह मिस्त्री, ईश कुमार, बलजीत सिंह, बलदेव सिंह, गोपाल खालसा, गिनी, मुख्तयार सिंह, बलदेव सिंह, प्रवीण कुमार आदि दुकानदारों ने बताया कि हिम्मतपुरा फीडर पर पिछले 25 दिनों से बिजली के कट लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाइट सुबह 10 बजे चली जाती है और शाम को करीब दो से तीन बजे आती है। तब तक दुकानदारों का आधा दिन बीत जाता है और कई कई बार तो शाम को लाइट आती है जिससे शाम को दुकानदारों का घर जाने का समय हो जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे दिन में लाइट हमें 6 से 7 घंटे काम करने के लिए मिलती है। जिससे हमें काफी दिकत होती है। इसके बारे में बिजली निगम के कर्मचारियों से फोन करके पूछा जाता है तो उन्होंने बताया कि बिजली की लाइन का काम चल रहा है। बिजली के खभों की तारे बदली जा रही है। जिसको लेकर बिजली काटी जाती है। दुकानदारों ने मांग की है कि उनकी समस्या का तुरंत हल किया जाए। अगर बिजली निगम ने बिजली की समस्या को हल नहीं किया तो वह आने वाली 25 मई को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे और कड़ा आंदोलन करेंगे।

## क्लेरिकल एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन



**फतेहाबाद।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक आज लघु सचिवालय स्थित पार्क में हुई। बैठक में एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी द्वारा नामित पर्यवेक्षक कपिल शर्मा, सतीश ढाका ने भाग लिया वहीं अध्यक्षता राजाराम हुड्डा ने की। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन करना व जून माह में करनाल में होने वाले एकदिवसीय पड़ाव बारे अवगत कराना था। सर्वप्रथम सरकार द्वारा क्लकार्ें के वेतनमान के संबंध में जारी 21700 के नोटिफिकेशन की निंदा की गई। उस उपरांत जिला फतेहाबाद की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव की बजाय सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रधान के पद हेतु पूर्व के प्रधान संदीप पुनिया के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिस पर सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से सहमति जताई। जिला कार्यकारणी के बाकी पदों पर भी सर्वसहमति से निर्णय लिया गया।

## क्रेसेंट स्कूल में विद्यार्थियों ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया



**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल मे प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को चिन्हित करने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए सरकारी सम्मान सुनिश्चित करने हेतु विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसके लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में कृति, रिशूल एवं समायरा के मंच संचालन में दीक्षा, संगम व प्रांजल ने अपने विचारों के माध्यम से समाज में पत्रकारिता तथा पत्रकारों के योगदान को उजागर किया। जपलीन ने इंग्लिश तथा जसलीन व देवांशी ने हिंदी व्याख्यान में प्रेस की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकारो के महत्व तथा सूचना तक प्रेस के माध्यम से सार्वजनिक पहुंच के विषय में जागरूक किया गया। केशव, लायशा व गौहर ने अपनी कविताओं के माध्यम से पत्रकारों की भूमिका के विषय मे बताया। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा पत्रकारों की भूमिका व महत्व के विषय मे जागरूक करते हुए एक जोशपूर्ण एक्ट प्रस्तुत किया गया। समाज में प्रेस के योगदान, उनकी महत्ता तथा उनकी कार्य प्रणाली का आंकलन करने हेतु नवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विजिट कराया गया।

## चूरापोस्त मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सिरसा।** एक करोड़ रुपये की चूरापोस्त बरामदगी के मामले में घटना के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जगदीप सिंह पुत्र टहल सिंह निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी जगदीप सिंह उर्फ विक्की से पूछताछ कर डोडा चूरापोस्त तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीती 21 अप्रैल को जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा पुलिस ने डिंग रोड क्षेत्र से गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर डोडा चूरा पोस्त से भरे ट्रक को बरामद कर एक आरोपी विकास पुत्र बीरबल राम को काबू किया था।

### शत प्रतिशत रहा एमपी रोही कन्या विद्यालय का परिणाम

## मेरिट में आने वाली छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमपी रोही कन्या विद्यालय में मेरिट हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य, गांव एमपी रोही में निकाली गई रैली में शामिल मेरिट हासिल करने वाली छात्राएं व अन्य विद्यार्थी।

कक्षा बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने और 39 में से 23 मैरिट आने पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही में आज उत्साह दिवस मनाया गया।

कक्षा बारहवीं में मैरिट प्राप्त करने वाली 23 छात्राओं को पहले तो फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। फिर वाहनों में बिठाकर गाजे-बाजे के साथ सरकारी विद्यालयों की जय-जयकार के साथ पूरे गांव में एक रैली भी निकाली गई। इनके पीछे-पीछे करीब साढ़े 3 सौ छात्राएं नारे लगाते हुए जोश के साथ चल रही थी। कुछ बच्चे वाहनों के आगे-आगे नृत्य करते हुए चल रहे थे। इन बच्चों का हौंसला बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य भगवान दत्त, सरपंच रामेश्वर दास, एसएमसी प्रधान कालूराम के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य व ग्रामवासी भी साथ-साथ चल रहे थे। रैली निकालने से पूर्व प्रार्थना सभा में मैरिट प्राप्त छात्राओं सहित सभी विद्यार्थियों को शानदार परिणाम पर बधाई देते हुए प्राचार्य भगवान दत्त ने अपने संबोधन में भविष्य तय करने, सफलता के लिए बहुत सी महत्वपूर्ण बातें बताई। उन्होंने कहा कि अगर कामयाब होना है तो कोर्स की किताबों के साथ-साथ देश-दुनिया, समाज, पर्यावरण, भूगोल, कला-संस्कृति, साहित्य विरासत की जानकारी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ भी बनो किन्तु बेहतर इंसान अवश्य बनो, क्योंकि स्वार्थी लोग समाज का भला नहीं कर सकते। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही के प्राचार्य अशोक गर्ग ने भी बच्चों को संबोधित किया।